राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा कैंसर जागरूकता हेतु एक और कदम

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर से दिनांक 23 अक्टूबर, 2016 को 100 महिला कानि0 रिक्रूट अकादमी निदेशक महोदय के निर्देशानुसार ''**मैमकेयर पिंकसिटी रन**'' में सम्मिलित हुई। उपरोक्त पिंकसिटी रन का आयोजन सीता देवी हॉस्पीटल द्वारा जयपुर में किया गया। रन का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस आयोजन में विभिन्न संस्थानों/स्कूल/कॉलेज/शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 1500 महिला/पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लिया। पिंकसिटी रन में 03 प्रकार की प्रतिस्पर्द्धायें (क्रमशः 03 किमी0, 05 किमी एवं 10 किमी0) आयोजित की गई।

पिंकसिटी रन में अकादमी प्रशिक्षुओं नें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 05 किमी में प्रशिक्षु महिला कानि0 श्रीमती रेखा ने प्रथम व प्रशिक्षु महिला कानि0 सुश्री संगीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 10 किमी0 रन में अकादमी की प्रशिक्षु महिला कानि0 सुश्री कुसमा कंवर ने प्रथम स्थान व प्रशिक्षु महिला कानि0 सुश्री सुजीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 11000/— रूपये एवम् द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 5000/— रूपये का नकद पुरूस्कार प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में राजस्थान पुलिस अकादमी और महावीर कैंसर हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में 45 वर्ष से अधिक आयु की पुलिस परिवार की महिलाओं का फ्री कैंसर चैकअप कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। 15 अक्टूबर, 2016 को राजस्थान पुलिस महिला कल्याण केनद्र की अध्यक्षा ने पुलिस अकादमी परिसर में 25 महिलाओं के पहले बैच को कैंसर चैकअप हेतु रवाना किया था।